# माता-पिता/अभिभावकों और युवाओं के लिए जानकारी

प्रिय माता-पिता और अभिभावकगण,

इस शरद ऋतु (Fall) में हमारा स्कूल स्वस्थ युवा सर्वेक्षण (Healthy Youth Survey, HYS) में भाग लेगा। वॉशिंगटन राज्य (Washington State) के युवा 2002 से HYS में भाग ले रहे हैं। सर्वेक्षण में भाग लेने वाले युवाओं की संख्या केवल कुछ हज़ार से बढ़कर अब प्रति वर्ष 215,000 से अधिक हो गई है! सर्वेक्षण में युवाओं की स्थिति, सामाजिक संबंधों, मानसिक स्वास्थ्य, नशीले पदार्थों के उपयोग, चोट के जोखिमों और अन्य विषयों के बारे में पूछा जाता है।
समुदाय, ज़िले, स्कूल और सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसियां सर्वेक्षण के परिणामों का उपयोग युवाओं की भलाई के उद्देश्य से बनाई गई नीतियों और कार्यक्रमों की जानकारी देने के लिए करती हैं। HYS युवाओं को हमारे राज्य के भविष्य की दिशा तय करने में सक्रिय भूमिका निभाने का एक प्रभावशाली माध्यम है। **आपके बच्चे की भागीदारी वास्तव में प्रशंसा के योग्य है। *कृपया यह जानकारी अपने बच्चे के साथ साझा करें।*** *फिर सर्वेक्षण पर चर्चा करें और तय करें कि आपका बच्चा उसमें भाग लेगा या नहीं।*

## और जानकारी की ज़रूरत है?

यदि सर्वेक्षण के उद्देश्य या सर्वेक्षण प्रक्रियाओं के बारे में आपको कोई प्रश्न पूछना है, तो कृपया स्वस्थ युवा सर्वेक्षण के प्रधान अन्वेषक (Principal Investigator) से (877) HYS-7111 पर या healthy.youth@doh.wa.gov. पर ईमेल द्वारा संपर्क करें। स्वस्थ युवा सर्वेक्षण के बारे में अधिक जानकारी यहाँ मिल सकती है: www.AskHYS.net

वाशिंगटन राज्य संस्थागत समीक्षा बोर्ड (Washington State Institutional Review Board) ने इस पत्र में वर्णित स्वस्थ युवा सर्वेक्षण प्रक्रियाओं को स्वीकृति दी है। आप इसके बारे में यहाँ और अधिक पढ़ सकते हैं: www.askhys.net/HYS2025 IRB Requirements

यदि आपको लगता है कि इन प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया गया है, तो कृपया 1-800-583-8488 पर कॉल करें। आपको अपना नाम बताने की ज़रूरत नहीं है। सभी संदेशों का जवाब दिया जाएगा।

## अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

**प्र: सर्वेक्षण में भाग लेने के लिए किसे कहा जाएगा?**

**उ:** पूरे वॉशिंगटन राज्य के ग्रेड 6, 8, 10, और 12 में पढ़ने वाले विद्यार्थी और छोटे स्कूल ज़िलों के ग्रेड 7, 9 और 11 में पढ़ने वाले विद्यार्थी।

**प्र: क्या यह सर्वेक्षण स्वैच्छिक है?**

**उ:** हाँ! सर्वेक्षण में भाग लेने वाले युवाओं को किसी भी प्रश्न को छोड़ने और किसी भी समय सर्वेक्षण प्रक्रिया को रोकने की स्वतंत्रता है। यदि आप नहीं चाहते कि आपका बच्चा सर्वेक्षण में भाग ले, तो आप स्कूल को फ़ोन करके उसे अनुपस्थित करा सकते हैं। विद्यार्थी भी अपने शिक्षक को बता सकते हैं कि वे सर्वेक्षण में भाग नहीं लेना चाहते हैं। जो विद्यार्थी सर्वेक्षण में भाग नहीं लेते, वे पुस्तकालय में अध्ययन जैसी वैकल्पिक गतिविधियों में शामिल होंगे। सर्वेक्षण में भाग न लेने पर कोई जुर्माना नहीं लगाया जाएगा। आपके बच्चे के ग्रेड पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

**प्र: सर्वेक्षण में कौन-से प्रश्न पूछे जाएँगे?**

**उ:** सर्वेक्षण के प्रश्न राष्ट्र भर में और वॉशिंगटन में किए गए सर्वेक्षणों से लिए गए हैं। माता-पिता या अभिभावक इन प्रश्नों को यहाँ देख सकते हैं: https://www.askhys.net/Resources/SurveyQuestionnaires.

कुछ विषयों के उदाहरण इस प्रकार से हैं:

- जनसांख्यिकी, जैसे कि उम्र, लिंग, नस्ल और जातीयता
- स्कूल और समुदाय के बारे में भावनाएँ
- माता-पिता, दोस्तों और पड़ोसियों से संबंध
- शारीरिक गतिविधि और भोजन की उपलब्धता
- स्वास्थ्य शिक्षा
- नशीले पदार्थों का उपयोग
- सुरक्षा और हिंसा से संबंधित व्यवहार और भावनाएँ
- लैंगिक पहचान[1]
- यौन रुझान (ग्रेड 6 और 7 के लिए नहीं)
- यौन व्यवहार और हिंसा (ग्रेड 6 और 7 के लिए नहीं)[2]

**प्र: सर्वेक्षण के परिणाम किस के लिए उपलब्ध होते हैं?**
**उ:** व्यक्तिगत स्तर की प्रतिक्रियाओं को स्कूलों और ज़िलों के लिए रिपोर्ट में संयोजित और सारांशित किया जाता है और अधीक्षकों और प्रधानाचार्यों को उपलब्ध कराया जाता है। काउंटी, क्षेत्रीय शैक्षिक सेवा ज़िलों (ESD), और राज्य की रिपोर्टें AskHYS.net. पर सार्वजनिक रूप से साझा की जाती हैं।

स्वास्थ्य विभाग (Department of Health) द्वारा प्रबंधित डेटा साझाकरण समझौते की प्रक्रिया के माध्यम से, व्यक्तिगत प्रतिक्रियाओं वाले डेटासेट अनुरोध पर स्वीकृत डेटा उपयोगकर्ताओं, जैसे स्थानीय स्वास्थ्य विभागों और शोधकर्ताओं, को उपलब्ध कराए जाते हैं।

**प्र: प्रतिभागियों की पहचान कैसे सुरक्षित रखी जाती है?**
**उ:** HYS में दिए गए व्यक्तिगत जवाबों की गोपनीयता की पूरी गारंटी नहीं दी जा सकती है। ऐसी अप्रत्याशित स्थिति में कि कोई अनधिकृत व्यक्ति व्यक्तिगत सर्वेक्षण परिणाम देख ले, तो स्कूल, ग्रेड, नस्ल/जातीयता और बाहरी जानकारी जैसी सूचनाओं का उपयोग करके कुछ प्रतिभागियों की पहचान संभावित रूप से की जा सकती है।

हालाँकि, HYS हमेशा स्वैच्छिक होता है और हम प्रतिभागियों की निजता और गोपनीयता की रक्षा के लिए कई कदम उठाते हैं, जिनमें शामिल हैं:

- प्रतिभागी सर्वेक्षण पर अपना नाम नहीं लिखते हैं, और किसी सर्वेक्षण को प्रतिभागी से मिलाने के लिए कोई कोड एकत्र नहीं किया जाता है।
- प्रतिभागी एक इलेक्ट्रॉनिक सर्वेक्षण प्लेटफॉर्म पर सर्वेक्षण में भाग लेते हैं और जवाबों को सीमित पहुंच वाले एक सुरक्षित सर्वर पर संग्रहीत किया जाता है।

**प्र: सर्वेक्षण के परिणामों का उपयोग कैसे किया जाता है?**
**उ:** स्कूल, स्कूल ज़िले, समुदाय और सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसियां परिणामों का उपयोग वॉशिंगटन के युवाओं को समझने और उन्हें उनकी ज़रूरत की सेवाएँ प्रदान करने के लिए करती हैं। परिणामों का उपयोग अनुदान लेखन, कार्यक्रम और नीति नियोजन एवं मूल्यांकन, तथा और भी बहुत कुछ के लिए किया जाता है।

स्वस्थ युवा सर्वेक्षण निम्नलिखित राज्य एजेंसियों द्वारा प्रायोजित है: स्वास्थ्य देखभाल प्राधिकरण (Health Care Authority) - व्यावहारिक स्वास्थ्य और पुनर्प्राप्ति प्रभाग (Division of Behavioral Health and Recovery), स्वास्थ्य विभाग (Department of Health), सार्वजनिक निर्देश अधीक्षक का कार्यालय (Office of the Superintendent of Public Instruction), और शराब एवं कैनेबिस बोर्ड (Liquor and Cannabis Board).

[1]यह प्रश्न केवल ग्रेड 8 और उससे ऊपर के विद्यार्थियों को ही दिया जाएगा। जो स्कूल ऐसा चाहते हैं, वे छोटे विद्यार्थियों के लिए बनाया गया लिंग-संबंधी प्रश्न ग्रेड 6वीं और 7वीं के सर्वेक्षण में जोड़ सकते हैं।
[2]स्कूल यौन व्यवहार और यौन हिंसा से संबंधित प्रश्न पूछने से छूट का अनुरोध कर सकते हैं।